## एक नजर में

### 11 केवी मालखेड़ा रोड फीडर पर मेंटेनेंस, आज सुबह 4 घंटे बिजली रहेगी बंद

**नीमच।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के सहायक अभियंता कार्यालय (शहर) द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार 11 केवी मालखेड़ा रोड फीडर पर लाइन मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसके चलते 10 जून 2026 (बुधवार) को सुबह 7 बजे से 11 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक यंत्री (शहर) ने बताया कि निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के कारण 11 केवी मालखेड़ा रोड फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। इससे संपूर्ण मालखेड़ा क्षेत्र, मारू मिल, मारुती नंदन एग्रो, सावरिया कॉलोनी, आंजना कॉलोनी, एमपीईबी कॉलोनी, चंबल कॉलोनी सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए बताया है कि कार्य की प्रगति के अनुसार बिजली बंद रहने की अवधि आवश्यकता अनुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाईन शिविर में शिकायतों का किया निराकरण



**नीमच।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम.हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में दिनांक 09.06.2026 को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया। जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को एस.पी. श्री राजेश व्यास के समक्ष प्रस्तुत किया। एस.पी. श्री राजेश व्यास द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की 12 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी।

### 6 महीने से अधूरे पड़े रोड के लिए कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**नीमच।** मंगलवार को जनसुनवाई में वार्ड नंबर 28 हुड़को कॉलोनी के वल्लभ भवन से लेकर साहिब बुटीक तक करीब 350 सौ मीटर 6 महीने से अधूरे पड़े रोड के लिए कलेक्टर को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया विगत 6 महीने से रोड अधूरा पड़ा हुआ है आमजन परेशान हो रहे हैं कितने ही दो पहिया वाहन यहां पर स्लिप होकर गिर गए हैं पैदल चलने में भी परेशानी हो रही है जिम्मेदारों को कितनी बार मोहल्ले वासियों द्वारा एवं स्वयं मेरे द्वारा अवगत कराया गया मगर आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। सब ने यही आश्वासन दिया बहुत जल्दी कर देंगे मगर आज तक कुछ नहीं हुआ है। जनसुनवाई के द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका सीएमओ द्वारा फिर 15 दिन का आश्वासन दिया गया। निर्वाचित प्रतिनिधि चुना ही इसीलिए जाता है कि आम जनता की संबंधित समस्याओं का निदान करें मगर आज तक लोगों की परेशानियों को देखते हुए भी कोई ध्यान नहीं दिया गया इसी रोड पर रोजाना जैन समाज की साध्वियां नंगे पांव गुजरती है मगर उनकी तप और तपस्या को भी नजरअंदाज किया जाता है। इसीलिए मजबूर होकर जनसुनवाई में आवेदन दिया गया इस अवसर पर राकेश अहीर जगदीश पुनर नितिन हसीजा एवं अन्य साथी उपस्थित थे।

# जूतों की माला पहनकर कलेक्टोरेट पहुंचे किसान

▸ **कब्जे और अवैध उत्खनन से परेशान किसान का अनोखा प्रदर्शन**



**नीमच।** जिले के ग्राम सावन के दो किसानों ने अपनी कृषि भूमि पर कथित अवैध कब्जे और मिट्टी के अवैध उत्खनन के विरोध में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अनोखे ढंग से प्रदर्शन किया। किसान जेतराम मालवीय गले में जूतों की माला पहनकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की।

किसान जेतराम मालवीय और प्रकाश मालवीय ने आरोप लगाया कि उनकी स्वामित्व वाली कृषि भूमि पर गांव के कुछ लोगों ने जबरन कब्जा कर लिया है। साथ ही जेसीबी मशीनों से खेतों की खुदाई कर उपजाऊ मिट्टी का अवैध उत्खनन एवं विक्रय किया गया, जिससे उनकी भूमि को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि मामले की शिकायत पूर्व में कई बार प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण भी किया था। निरीक्षण के दौरान संबंधित पक्षों ने भूमि को पूर्व स्थिति में कर लौटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं किया गया।

जेतराम मालवीय ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन्हें धमकियां दी गईं तथा जातिसूचक टिप्पणियां कर प्रताड़ित किया गया। वहीं प्रकाश मालवीय ने अवैध कब्जा हटाने और भूमि को हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। दोनों किसानों ने कलेक्टर से मांग की है कि उनकी भूमि से अवैध कब्जा हटाकर पुनः कब्जा दिलाया जाए, अवैध उत्खनन की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, एससी/एसटी एक्ट एवं अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत कठोर कार्रवाई की जाए।

# चार नगर परिषदों में नए प्रभारी सीएमओ नगरीय प्रशासन विभाग का आदेश जारी

**नीमच। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल ने प्रदेशभर की नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपते हुए आदेश जारी किए हैं। इस आदेश का असर नीमच जिले की चार नगर परिषदों पर भी पड़ा है।**

जारी आदेश के अनुसार नगर परिषद रामपुरा में पदस्थ सहायक वर्ग-01 अधिकारी नन्दलाल प्रजापति को नगर परिषद भैंसोदा का प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं नगर पालिका परिषद नीमच में पदस्थ मुख्य लिपिक सह लेखापाल जनमलाल पाटीदार को नगर परिषद डीकेन का प्रभारी सीएमओ बनाया गया है। नगर पालिका परिषद नीमच में पदस्थ राजस्व उप निरीक्षक रामचंद्र सिंघल को नगर परिषद सिंगोली का प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

इसके अलावा नगर परिषद जावद में पदस्थ राजस्व निरीक्षक जगजीवन शर्मा को नगर परिषद अठाना का प्रभारी सीएमओ नियुक्त किया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जिले की इन नगर परिषदों में लंबे समय से रिक्त या अतिरिक्त व्यवस्था के तहत संचालित प्रशासनिक कार्यों को अब नई जिम्मेदारियों के माध्यम से गति मिलने की उम्मीद है।

# राष्ट्रीय मंच पर यशवी ने जीता सोना

**नीमच।** अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप-2026 में नीमच की नन्ही खिलाड़ी यशवी नितेश शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। इस उपलब्धि से यशवी ने न केवल जिले बल्कि मध्यप्रदेश का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

यशवी ने बायथले (रनिंग एवं स्विमिंग) तथा ट्रायथले (रनिंग, शूटिंग एवं स्विमिंग) स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा, मेहनत और अनुशासन का उत्कृष्ट परिचय दिया। कम उम्र में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।




यशवी की सफलता पर चारभुजा नाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीश किंजा, सचिव गोपाल शर्मा, विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण समाज छात्रावास ट्रस्ट के अध्यक्ष मांगीलाल करेल एवं सचिव जगदीश शर्मा सहित समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। समाज प्रतिनिधियों ने कहा कि यशवी की उपलब्धि युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। यशवी की इस उपलब्धि से परिवार, समाज और जिले में खुशी का माहौल है तथा सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नगर पालिका ने तीन खतरनाक भवनों को किया जमींदोज

**नीमच।** शासन के निर्देश एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में मंगलवार 9 जून को जिर्ण शीर्ण भवनों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए तीन जिर्ण शीर्ण भवनों को जमींदोज किया गया।





सीएमओ बामनिया ने बताया कि शुक्रवार नो जून को नगर पालिका की टीम द्वारा नीमच सिटी के कालिदास मार्ग (जूना बाजार), पर भटनागर जी के मकान के पास जीर्ण शीर्ण भवन, पुरनगंज में आर्य समाज का जिर्ण शीर्ण भवन तथा ठक्कर बप्पा गंज में जिर्ण शीर्ण भवन को जेसीबी व अन्य संसाधनों के माध्यम से खतरनाक हिस्से को जमीदोज किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने बताया कि नगर पालिका नीमच द्वारा जिर्ण शीर्ण भवनों से संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नीमच शहर में सर्वे करवा कर 12 खतरनाक एवं जिर्ण शीर्ण भवनों को चिन्हित कर भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर संभावित दुर्घटना वाले जिर्ण शीर्ण भवन को गिरवाने हेतु सूचित किया था, किन्तु निर्धारित अवधि में भवन स्वामी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर नगर पालिका नीमच द्वारा उक्त कार्रवाई की गई। नपा के प्रभारी राजस्व अधिकारी टेकचंद बुनकर भी मौजूद रहे।

# भूतेश्वर मंदिर में होंगे अनुष्ठान

**नीमच। 10 जून 2026 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में निरंतर सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का गौरवपूर्ण कीर्तिमान स्थापित करेंगे। यह अवसर प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता एवं राष्ट्रभक्त नागरिक के लिए गौरव, प्रेरणा और उत्सव का विषय है।**

जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह मीडिया प्रभारी शुभम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्रसेवा के यशस्वी भविष्य की कामना हेतु भूतेश्वर महादेव मंदिर, नीमच में मंगलवार, 10 जून को प्रातः 10 बजे से भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक कर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक पूजन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा तथा भारत की उन्नति, समृद्धि एवं विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की जाएगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, तथा पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजपा पदाधिकारियों ने सभी कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालु नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

**एक नजर** ▸ **जनसुनवाई में मिली दिव्यांग पूनमचंद को रेडक्रॉस से 10 हजार की आर्थिक सहायता**

# कलेक्टर चंद्रा ने सुनीं 140 आवेदकों की समस्याएं



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान 140 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस. कलेश सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

प्रमुख प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई– अवैध कब्जे पर कार्रवाई– जनसुनवाई में ग्राम गिरदौड़ा की रामप्यारी बाई ने अपनी खाली जमीन पर ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे की शिकायत की। कलेक्टर ने तहसीलदार नीमच ग्रामीण को तत्काल मौके पर पटवारी भेजकर कब्जा हटवाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दिव्यांग को स्वरोजगार सहायता– कांकरिया तलाई के दिव्यांग बल्लुराम बंजारा द्वारा स्वरोजगार हेतु आर्थिक मदद के अनुरोध पर कलेक्टर ने सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग को दिव्यांग पूनमचंद को स्वरोजगार योजना का अविलंब लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

तत्काल आर्थिक सहायता– जयप्रकाश नगर जीरन के दिव्यांग पूनमचंद द्वारा शारीरिक अक्षमता के चलते भरण-पोषण में कठिनाई संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने रेडक्रास प्रभारी को 10 हजार रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

फॉस्टर केयर योजना का लाभ– ग्राम केरी निवासी बालिका पूजा के आवेदन पर कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को पूजा एवं उसके तीन भाईयों को फॉस्टर केयर योजना के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

## नीमच

## एक नजर में

### नागदेवता की बावड़ी पर बावड़ी उत्सव के तहत श्रमदान, नागरिकों ने दिया स्वच्छता का संदेश



**मंदसौर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बावड़ी उत्सव कार्यक्रम के तहत विकासखंड मंदसौर स्थित नागदेवता की बावड़ी पर स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों एवं कॉलोनीवासियों ने मिलकर बावड़ी की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विनय दुबेला, दिनेश सोलंकी, अर्चना वटी भाटी, श्री एवं श्रीमती जोशी सहित गुरु कृपा विहार कॉलोनी के समस्त नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और श्रमदान कर बावड़ी परिसर की साफ-सफाई की। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्राचीन जल स्रोतों का संरक्षण एवं स्वच्छता समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के अभियान से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलता है, बल्कि नई पीढ़ी में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी इस प्रकार के अभियानों में नियमित रूप से भाग लेकर अपने क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में योगदान देंगे।

### जनसुनवाई में 73 शिकायतों का त्वरित निराकरण, पुलिस अधीक्षक ने दिए कार्रवाई के निर्देश



**मंदसौर।** आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण के उद्देश्य से सोमवार को जिला पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में जनसुनवाई आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने स्वयं उपस्थित होकर कुल 73 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी दिनेश प्रजापति सहित विभिन्न थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध एवं न्यायसंगत निराकरण पुलिस की प्राथमिकता है। जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है।

# राज्यसभा चुनाव में नटराजन की जीत के लिए हनुमान चालीसा पाठ



**पिपलिया मण्डी।** 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी एवं क्षेत्र की पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन की जीत की मंगलकामना को लेकर मंगलवार को पिपलिया स्थित ग्रिड बालाजी मंदिर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर विशेष प्रार्थना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मध्यप्रदेश से राज्यसभा के लिए मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय महिलाओं के सम्मान और उनकी राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने वाला कदम है। शर्मा ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन लंबे समय से जनसेवा और संगठन के लिए समर्पित रही हैं तथा उनकी साफ-सुथरी छवि और कार्यशैली उन्हें अन्य नेताओं से अलग पहचान दिलाती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में पूरी तरह एकजुट है और राज्यसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को व्यापक समर्थन मिलेगा। शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी कांग्रेस विधायक पार्टी के पक्ष में मतदान कर मीनाक्षी नटराजन को विजयी बनाकर राज्यसभा भेजेंगे। उन्होंने कहा कि नटराजन के राज्यसभा पहुंचने से प्रदेश और विशेष रूप से मालवा क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा। कांग्रेस नेता मुकेश निडर ने कहा मीनाक्षी नटराजन गांधीवादी विचारधारा की समर्थक हैं और उन्होंने सांसद रहते हुए क्षेत्र में कई विकास कार्य कराए। उन्होंने कहा कि नटराजन हमेशा सादगी, सेवा और जनहित की राजनीति की पक्षधर रही हैं। उनके राज्यसभा सदस्य बनने से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ संसद में रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगवान हनुमान से मीनाक्षी नटराजन की विजय की प्रार्थना करते हुए पार्टी की सफलता की कामना की। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि आगामी राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को व्यापक समर्थन मिलेगा।

# लायंस क्लब का समारोह आज

▸ **निर्वाचित हुए अंतरराष्ट्रीय निदेशक का सम्मान एवं अभिनन्दन किया**

**नवभारत न्यूज.**

**मंदसौर। स्थानीय लायंस क्लब मंदसौर द्वारा लायंस वर्ष 2025-26 के अंतर्गत एक भव्य एवं गरिमामय अभिनंदन समारोह (फेलिसिटेशन फंक्शन) का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कार्यक्रम आज बुधवार, 10 जून 2026 को सायं 7.30 बजे यश नगर स्थित 'लायंस डेन' भवन पर आयोजित होगा।**

लायंस क्लब मंदसौर के अध्यक्ष लायन रत्नेश कुदार और सचिव लायन डॉ. विक्रांत भावसार ने बताया कि क्लब के इस महत्वपूर्ण आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रामकिशोर गर्ग (डीजी, डिस्ट्रिक्ट 3233ई2) उपस्थित रहेंगे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति में हाल ही में निर्वाचित हुए अंतरराष्ट्रीय निदेशक (प्रत्याशी) एमडी 3233 लायन कुलभूषण मित्तल, नव-निर्वाचित एमसीसी एमडी 3233 लायन प्रवीन वशिष्ठ तथा नवनिर्वाचित एसवीडीजी डिस्ट्रिक्ट 3233ई2 लायन जितेन्द्र मित्तल का सम्मान एवं अभिनन्दन किया जाएगा।

लायंस क्लब क्लब परिवार ने सभी सम्मानित सदस्यों और सहयोगियों से इस गरिमामयी अवसर पर समय उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इसे लेकर लोगों में उत्साह भी है।

# स्वदेशी जागरण मंच में अंकुश पालीवाल को मंदसौर विभाग संयोजक का मिला दायित्व

**मन्दसौर। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान मालवा प्रांत के तत्वावधान में रतलाम में आयोजित प्रांतीय विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मालवा प्रांत के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा गंभीर मंथन किया गया।**

चर्चा के पश्चात मंच के क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते, प्रांत संयोजक विशाल पुरोहित और प्रांत पूर्णकालिक हेमंत रावत की गरिमामयी उपस्थिति में नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। संगठन के विस्तार और कार्यप्रणाली को गति देने के उद्देश्य से अंकुश पालीवाल को मंदसौर विभाग संयोजक तथा दिलीप व्यास को मंदसौर विभाग पर्यावरण प्रमुख की महत्वपूर्ण सांगठनिक जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मंदसौर के जिला संयोजक दिलीप कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ही कार्यकर्ता लंबे समय से संगठन के कार्यों में सक्रिय रहे हैं और उनके अनुभवों का लाभ आगामी समय में पूरे विभाग को मिलेगा। श्री पालीवाल और श्री व्यास को यह नवीन एवं महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

**एक नजर** ▸ **भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण वाहक हैं – राज्यसभा सांसद गुर्जर**

# सेवा और समर्पण पखवाड़े में जिले में निरन्तर जारी महाजनसम्पर्क अभियान



**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला भाजपा संगठन प्रभारी दीलिप सकलेचा के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेत्रत्व में सम्पूर्ण मंदसौर जिले के विभिन्न भाजपा संगठनात्मक मण्डलों एवं शक्ति केंद्रो पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षीय सेवा एवं समर्पण को समर्पित कार्यकाल को लेकर विभिन्न रचनात्मक एवं संगठनात्मक कार्य चल रहे हैं।

इसी क्रम में महा-जनसंपर्क अभियान अन्तर्गत 9 जून को राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर जिले के धुंधडका, गुर्जरबर्डिया एवं बुढा मंडल एवं मंडलों के शक्ति केंद्रों पर संगठनात्मक प्रवास हेतु पहुंचे और कार्यकर्ताओं एवं आमजन से संवाद किया, एक पेड माँ के नाम अभियान अन्तर्गत पौधारोपण तथा केंद्र और राज्य सरकार कि योजनाओं के लाभार्थी हितग्राहियों का सम्मान किया। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर के महाजन सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीवन शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश धाक?, गुर्जरबर्डिया मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन, बुढा मंडल अध्यक्ष सुनिल शर्मा की उपस्थिति रही।

महाजन सम्पर्क अभियान अन्तर्गत संबोधित करते हुये राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने पिछले वर्षों में विकास, सुशासन, नवाचार, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत का वैश्विक स्तर पर मान सम्मान ब?ा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज को गंभीरता से सुना जा रहा है और देश वैश्विक अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष तथा डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, वह केवल एक सपना नहीं बल्कि एक स्पष्ट रोड मैप है।